हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani

(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

(ISO 9001 : 2015 – Certifies Organization)

प्रेस नोट

No.BSEH/SRS/2024 **DATED-15.05.2024**

NOTIFICATION 36/2024

सीनियर सैकेण्डरी के नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 30.04.2024 को तथा सैकेण्डरी के नियमित/स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 12.05.2024 को घोषित किया जा चुका है। सी0 सैकेण्डरी के जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम कम्पार्टमेंट घोषित हुआ है तथा जो परीक्षार्थी एक विषय में कम्पार्टमेंट की परीक्षा देना चाहते हैं, की जुलाई–2024 परीक्षा हेतु एवं सैकेण्डरी के मार्च–2024 के जो नियमित परीक्षार्थी मार्च–2024 की परीक्षाओं में प्रविष्ट नहीं हो सके अथवा जिनका परिणाम कम्पार्टमेंट घोषित हुआ है अथवा जो परीक्षार्थी अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं वे आंशिक/पूर्ण विषयों की परीक्षा तथा सैकेण्डरी के जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम अनुत्तीर्ण घोषित हुआ है वे **Fresh category** में बतौर स्वयंपाठी परीक्षार्थी परीक्षा हेतु बार्ड वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर ऑन लाईन आवेदन/पंजीकरण कर सकते हैं। परीक्षा हेतु आवेदन/पंजीकरण हेतु शुल्क एवं तिथियां निम्न प्रकार होंगीः–

900/रूपए बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथिः– 16.05.2024 से 26.05.2024

100/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथिः– 27.05.2024 से 31.05.2024

300/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथिः– 01.06.2024 से 05.06.2024

1000/रूपए विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथिः– 06.06.2024 से 10.06.2024

आवेदन के साथ–साथ परीक्षा शुल्क का ऑनलाईन समायोजन बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में होना आवश्यक है, इसलिए आवेदनकर्ता समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि उपरान्त कोई आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन के समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैब साईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर/ई0मेल पर सम्पर्क करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करेंगें।

अध्यक्ष